सोलर पैनल की ट्रेनिंग से मिलेगा रोजगार

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत आईटीआई में विशेष प्रशिक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। सूर्य के प्रकाश से संचालित सोलर पैनल की उपयोगिता दिन-ब-दिन बढ़ रही है। बिजली कटौती से परेशान आम नागरिक, घर व अन्य जगहों पर सोलर पैनल लगवा रहे हैं। सोलर पैनल की मांग को देखते हुए आईटीआई विद्यार्थियों को विशेष ट्रेनिंग देने की योजना शुरू की गई।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत आईटीआई संस्थानों में एक सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई है। इस मुहिम से बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार से जोड़ा जाएगा। कौशल विकास एवं उद्यमिता विभाग की ओर से राजधानी के राजकीय आईटीआई संस्थानों में विद्यार्थियों को सोलर पैनल तकनीक के बारे में विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

एक सप्ताह के विशेष कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक, इलेक्ट्रिक, पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन व वायरमैन की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को शामिल किया गया है। विभाग के अनुसार, संस्थान के पास आउट विद्यार्थी के साथ कोर्स में पंजीकृत विद्यार्थी भी प्रतिभाग कर सकेंगे।

चारबाग स्थित आईटीआई में प्रशिक्षण लेते छात्र-छात्राएं। संवाद

500 प्रशिक्षकों को बनाएंगे मास्टर ट्रेनर : राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद के अनुसार, कार्यक्रम के जरिए 500 प्रशिक्षकों को मास्टर ट्रेनर बनाया जाएगा। चारबाग आईटीआई के प्रधानाचार्य चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण में पेशेवर कौशल और पेशेवर ज्ञान शामिल होगा। मॉड्यूल बैटरी बैंक, ब्रेकडाउन रखरखाव, चार्ज नियंत्रण, कनेक्शन और सोलर पैनल के विशेषताओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के बाद विद्यार्थियों को सीधे रोजगार से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

एक लाख घरों में सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य : पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत राजधानी सहित प्रदेश भर में एक लाख घरों में सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य रखा गया है। विभाग के अनुसार, विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के जरिए युवाओं को सोलर पैनल तकनीक के बारे में जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षुओं को विशेष ट्रेनिंग देकर उन्हें स्वरोजगार के लिए भी सशक्त बनाया जा रहा है।